प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 05.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम—किसान योजना की अट्ठारहवीं किश्त जारी की।

2— धमतरी में आज से शुरू हुआ जल जगार महोत्सव—अंतर्राष्ट्रीय जल सम्मेलन में भाग ले रहे हैं देश—विदेश के विशेषज्ञ।

3— राजधानी रायपुर में आज से शुरू हुई सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी—मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

4— अबूझमाड़ में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए इकतीस में से पन्द्रह माओवादियों की शिनाख्त की गई। इन पर एक करोड़ रूपए से अधिक का इनाम घोषित था।

..............................................................................

<u>प्रधानमंत्री—पीएम किसान सम्मान निधि</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने पीएम—किसान योजना की अट्ठारहवीं किस्त भी जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश भर में नौ करोड़ चार लाख से अधिक किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। इस मौके पर श्री साय ने प्रदेश के करीब पच्चीस लाख किसानों के खातों में पांच सौ छियासठ करोड़ सतहत्तर लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित होने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

.........................................................................

<u>जल जगार महोत्सव–01</u>

धमतरी में आज से दो दिवसीय जल जगार महोत्सव शुरू हो गया है। यह महोत्सव पंडित रविशंकर शुक्ल जलाशय गंगरेल बांध परिसर में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में यूनिसेफ, जापान, श्रीलंका के अलावा देश के अनेक जल और पर्यावरणविद भाग ले रहे हैं।

इस महोत्सव के तहत आज अंतर्राष्ट्रीय जल सम्मेलन में देश–विदेश के नीति निर्माता, पर्यावरण विद, विशेषज्ञ और राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जल संचय और जल संरक्षण पर संवाद किया। उन्होंने जल संचय और जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने–अपने क्षेत्रों के सफल कार्यों की कहानी साझा की। इस दौरान जल संरक्षण के प्रभावी उपायों पर गहनता से विचार–विमर्श करने के साथ ही धरातल पर उतारने की कार्ययोजना भी तय की गई। सम्मेलन को प्रसिद्ध पर्यावरण विद पद्मश्री पोपट लाल पवार, श्याम सुंदर पालीवाल और उमाशंकर पांडेय, अर्थशास्त्री और शहरी विकास विशेषज्ञ प्रोफेसर अमिताभ कुंडू, केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव डॉक्टर मनिन्दर कौर द्विवेदी और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की अपर सचिव अर्चना वर्मा ने संबोधित किया।

जल जगार महोत्सव के तहत पंडित रविशंकर जलाशय में वाटर स्पोर्टस भी आयोजित किए जा रहे हैं। टूरिस्ट गार्ड माधव सिंह ने वाटर बैलेंसिंग स्पोर्ट्स में भाग लेकर जल ओलंपिक की शुरूआत की। इस अवसर पर कयाकिंग, स्वीमिंग, बनाना राईड, फ्री–स्टाईल स्वीमिंग, फ्लैग रेन, थ्रो–रो और रीवर क्रॉसिंग जैसी प्रतियोगिताएं हो रही हैं। जल जगार महोत्सव में एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें खादी ग्रामोद्योग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं।

जल जगार महोत्सव के तहत आज आयोजित कार्निवल में विभिन्न स्कूल के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से पर्यावरण और जल संरक्षण जैसे संदेश दिए।

.........................................................................

सैन्य प्रदर्शनी

राजधानी रायपुर में आज से सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी शुरू हो गई है। साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस सैन्य प्रदर्शनी में टी–नाइंटी भीष्म टैंक, वायु रक्षा प्रणाली, लाईट फील्डगन जैसे युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले सेना के आधुनिक हथियार तथा उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनी के दौरान सैनिकों द्वारा पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयरडविल मोटरसाइकिल राइडिंग और घुड़सवारी का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को भारतीय सेना की क्षमता और उसके कौशल से परिचित कराना है।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय सेना अपनी अद्वितीय दक्षता और अनुशासन के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। जब–जब देश पर संकट आया हमारी सेना ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर देश की रक्षा की है। उन्होंने युवाओं से अग्निवीर के रूप में भर्ती होने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत और ब्रिगेडियर अमन आनंद भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह सैन्य प्रदर्शनी पांच और छह अक्टूबर को आयोजित होनी थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस प्रदर्शनी को एक दिन और आगे बढ़ाने की घोषणा की। अब यह प्रदर्शनी सात अक्टूबर तक चलेगी। यह प्रदर्शनी सुबह आठ बजे से दस बजे तक और शाम छह बजे से रात आठ बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले साल में भी सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

.......................................................................

युवा आयोग अध्यक्ष–पदभार

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नये अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने आज रायपुर स्थित युवा आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ ही मंत्री रामविचार नेताम,

केदार कश्यप, टंकराम वर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस मौके पर श्री तोमर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और वे इस उद्देश्य के लिए युवाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे।

.......................................................................

माओवादी–मुठभेड़–01

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच कल हुई मुठभेड़ में मरने वाले माओवादियों की संख्या बढ़कर इकतीस हो गई है। मारे गए सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अब से कुछ देर पहले दंतेवाड़ा में हुई एक पत्रकारवार्ता में बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि नारायणपुर–दंतेवाड़ा की सीमा पर दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए इकतीस माओवादियों में से पन्द्रह की पहचान कर ली गई है। इन माओवादियों पर एक करोड़ तीस लाख रूपए का इनाम घोषित था। आईजी ने बताया कि मारे गए माओवादियों में तेरह महिला माओवादी भी शामिल हैं। घटनास्थल से एल.एम.जी रायफल, चार एके–फोर्टी सेवन, एस.एल.आर., इंसास और कैलिबर रायफल के अलावा कई अन्य हथियार बरामद किए गए हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुठभेड़ को लेकर बीती रात उच्च स्तरीय बैठक ली। श्री साय ने माओवादियों के खिलाफ सफल ऑपरेशन पर सुरक्षा बलों के शौर्य और अदम्य साहस की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। श्री साय ने पुलिस महानिदेशक को माओवाद के खिलाफ ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जवानों के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने दृढ़ संकल्पित है।

वहीं, मुठभेड़ में घायल एक जवान को राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीती देर रात अस्पताल पहुंचकर घायल जवान का हालचाल जाना।

.......................................................................

माओवादी–मुठभेड़–02

उधर, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आगामी सात अक्टूबर को नई दिल्ली में नक्सलवाद के मुद्दे को लेकर नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और गृहमंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री राज्य में माओवाद के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देंगे।

ठग–गिरफ्तार

सक्ती जिले की मालखरौदा पुलिस ने फर्जी भारतीय स्टेट बैंक संचालित करने और नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अनिल भास्कर सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्राम दुमहानी का रहने वाला है। उसके पास से एक कार और तीन मोबाइल जब्त किया गया है। वहीं, बैंक खाते में रखे तिरासी हजार रूपए को सीज कर दिया गया है।

.......................................................................

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

________श्रोताओं, कल रविवार को "हल्बी" और "गोण्डी" बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

.......................................................................

बस्तर दशहरा

पचहत्तर दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे के तहत आज फूलरथ की पहली परिक्रमा होगी। जगदलपुर में फूलों से सुसज्जित विशालकाय रथ में मां दंतेश्वरी देवी के छत्र को पूजा अर्चना के बाद जगन्नाथ मंदिर ले जाया जाएगा। इसके बाद पुलिस दल द्वारा हर्ष फायर कर माईजी को सलामी दी जाएगी और

फिर फूलरथ की परिक्रमा शुरू होगी। फूलरथ की परिक्रमा अगले पांच दिनों तक यानि नवरात्रि की सप्तमी तिथि तक चलेगी।

बस्तर दशहरे के तहत कल जोगी बिठाई की रस्म अदा की गई थी।

.......................................................................

केन्द्रीय मंत्री–सदस्यता अभियान

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज गौरेला–पेण्ड्रा मरवाही जिले में चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। इस मौके पर श्री साहू ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में तेजी लाने और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मुंगेली जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस द्वारा आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में शामिल हुए।

.......................................................................

कस्टम मिलिंग–छापा

खाद्य विभाग ने सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में कस्टम मिलिंग के लिए दिए गए चावल को जमा नहीं करने वाले तीन राईस मिल संचालकों के यहां छापामार कार्रवाई की। इस दौरान सत्ताईस हजार पांच सौ पचहत्तर क्विंटल धान जब्त किया गया। वहीं, एक राईस मिल से दो सौ पच्चीस क्विंटल चावल भी जब्त किया गया है।

.......................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल....

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र बस्तर संभाग रहेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य

बंगाल की खाड़ी और आंध्रप्रदेश तट से दूर ऊपरी हवा में एक चक्रीय चक्रवात बना हुआ है।

इसके असर से कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर बदली–बारिश की संभावना है।
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>